भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1254
दिनांक 09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

1254. प्रो. सौगत राय:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश की स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली में जी-20 के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के परिणामों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या जी-20 ने वैक्सीनों और निदान जैसे चिकित्सीय प्रतिरोधी उपायों तक पहुंच में सुधार करने के लिए एक मंच बनाने और लचीली स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली के प्रति किसी व्यवस्थित दृष्टिकोण का उल्लेख किया है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या वैश्विक महामारी की रोकथाम, तैयारी और अनुक्रिया संबंधी कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौते के लिए बातचीत के संबंध में कोई सहमति बनी है; और
(ड) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ङ): भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत गठित स्वास्थ्य संबंधी कार्य समूह के प्रमुख परिणाम नीचे दिए गए हैं:

- डिजिटल स्वास्थ्य के बारे में वैश्विक पहल (जीआईडीएच): भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत, प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज में सहायता से और स्वास्थ्य परिचर्या सेवा प्रदायगी में सुधार 'डिजिटल स्वास्थ्य नवाचार और समाधान था। इसके तहत, 'डिजिटल स्वास्थ्य संबंधी वैश्विक पहल (जीआईडीएच)-एक डब्ल्यूएचओ प्रबंधित नेटवर्क' को एक महत्वपूर्ण परिणाम के रूप में गुजरात में स्वास्थ्य मंत्री की बैठक के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था।

- एक अंतरिम चिकित्सा प्रतिवाद समन्वय तंत्र के विकास के लिए डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व वाली समावेशी परामर्श प्रक्रिया का समर्थन करना: यह तंत्र डब्ल्यूएचओ आईएनबी प्रक्रिया और आईएचआर संबंधी परामर्शी प्रक्रिया संपन्न होने की प्रतीक्षा कर रहा है जो अंततः उक्त वैश्विक तंत्र को तैयार करेगा।

भारत के जी20 एचडब्ल्यूजी ने विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी), कम विकसित देशों (एलडीसी) और छोटे द्वीप और विकासशील राज्यों (एसआईडीएस) में अनुकूलनीय, सस्ती, चुस्त, टिकाऊ, समावेशी, प्रभावी, कुशल, जवाबदेह और चिकित्सा प्रतिवाद तक समान पहुंच के लिए एक अंतरिम चिकित्सा प्रतिवाद तंत्र, जैसे कि टीके, चिकित्सीय और निदान की स्थापना के लिए सफलतापूर्वक विचार-विमर्श किया।

जी 20 देश नेटवर्को के नेटवर्क को अनुकूलित करते हुए अतंरिक्ष मेडिकल काउंटर उपाय विकसित करने के लिए डब्ल्यू एचओ नेतृत्व वाली परामर्शी प्रक्रिया पर सहमत है । उन्हें डब्ल्यूएचओ अंतर सरकारी वार्ता निकाय (आईएनबी) और अतंर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियमन प्रक्रिया की तर्ज पर अनुकूलित करना चाहिए और डब्ल्यूएचओ सीए + (महामारी निवारण तैयारी और अनुक्रिया संबंधी अभिसमय करार और अन्य अतंर्राष्ट्रीय उपाय) के अनुसार अनुकूलित कर सकते हैं ।

कोविड-19 महामारी के प्रभाव के आलोक में, डब्ल्यूएचओ के 194 सदस्य देशों ने महामारी की तैयारी और अनुक्रिया के बारे में नए अभिसमय, समझौते या अन्य अंतर्राष्ट्रीय उपाय का मसौदा तैयार करने और उस पर बातचीत करने के लिए एक अंतर सरकारी वार्ता निकाय (आईएनबी) के माध्यम से एक प्रक्रिया की स्थापना की। यह समुदायों, सरकारों और देशों के भीतर और वैश्विक तौर पर सभी क्षेत्रों के संभाव को सुनिश्चित करने को आवश्यकता द्वारा संचालित है और माना महामारी को रोकने और अनुक्रिया हेतु बेहतर रूप से तैयार किए जाने हैं और संरक्षित है। इस अभिसमय को सामान्य तौर पर 'समझौते' के रूप में जाना जाता है।

*****